# दिव्य हिमाचल

| Regional News Paper | Edition : Mandi (HP) | Circulation: 45610 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 12.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 02 | क्रम सं. (Serial No.) |

## सीआईएसएफ टीम का प्रदर्शन शानदार



सुंदरनगर। बर्मिंघम (यूके) में 30 जून से 6 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में सीआईएसएफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 64 पदक जीतकर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। सीआईएसएफ इकाई बीएसएलपी सुंदरनगर के उप कमांडेंट विशाल बंसल ने बताया द्धस्र इस वर्ष 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया था। सीआईएसएफ की टीम ने 6 इवेंट्स में हिस्सा लिया और सभी खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ कौशल, दृढ़ निश्चय, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन देते हुए। इस शानदार प्रदर्शन के बल पर भारत ने कुल 560 पदकों के साथ कुल पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया।